संपादकीय

केपी.1 और केपी.2 से घबराहट का माहौल

भारत में कोविड-19 के उपस्वरूप केपी.2 से 290 और केपी.1 से 34 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि होने के साथ ही आम जन में घबराहट का माहौल है।

कोविड-19 के ये दोनों उपस्वरूप सिंगापुर में संक्रमण के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार हैं, और इस संक्रमण से दुनिया भर के देश चिंतित हो गए हैं।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत काम करने वाली 'इंडियन सार्स-सीओवी-2 कंसोर्टियम ऑन जीनोमिक्स (आईएनएससीओजी) द्वारा संकलित आंकड़ों के मुताबिक, नये मामले सात राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से सामने आए हैं।

हालांकि महामारी विशेषज्ञों ने कहा है कि घबराने या चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि 'इस विषाणु के स्वरूप में तेजी से बदलाव होते रहेंगे और यह सार्स-सीओवी2 जैसे विषाणुओं का नैसर्गिक गुण है।' इन उपस्वरूपों से होने वाला संक्रमण उतना गंभीर श्रेणी का नहीं होगा कि अस्पताल में भर्ती होने की नौबत आ जाए या संक्रमित व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ जाए।

बहरहाल, कोविड-19 ने जिस तरह भारत में जनजीवन और कारोबार को पटरी से उतारा था, और काफी संख्या में लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है, उससे कोविड-19 के संक्रमण के दोबारा दस्तक देने भर से लोगों में सिहरन होने लगती है। कोविड-19 के संक्रमणकाल में देश का स्वास्थ्य ढांचा बुरी तरह नाकाम साबित हुआ था।

लोग हलकान हो गए थे। अर्थव्यवस्था पटरी से उतरी तो काफी समय बाद सामान्य रफ्तार पकड़ सकी। प्रवासी कामगार पैदल ही अपने घर-गांव जाने के लिए सडक़ों पर निकल पड़े थे। उन्हें रोकने के प्रयास किए गए तो कई जगह पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए थे, उन्हें अपने घर-गांव लौटने से रोकने में।

दरअसल, मौत का इस कदर खौफ छा गया था कि लोग यह कहते सुने गए थे कि मरना ही है, तो अपने घर पर मरेंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत लोग भी दो हिस्सों में बटे नजर आए। एक हिस्से में ऐसे सेवाभावी डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ था, जिन्होंने जान की परवाह न करते हुए संक्रमितों का उपचार किया तो दूसरा हिस्सा ऐसे लोग थे जिन्होंने उपचार के नाम पर लोगों को खुले हाथ लूटने का काम किया।

कई नामी अस्पताल अपना दायित्व भूलकर चांदी काटने में जुट गए थे। बहरहाल, जैसा मंजर था, वह इस नये संक्रमण की दस्तक मात्र से ही सिहरन पैदा करता है, तो हैरानी नहीं।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद गिरे अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर हुए पूरी तरह रिकवर

नईदिल्ली

अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के शेयरों ने 2023 की शुरुआत में हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद हुए घाटे को पूरी तरह से रिकवर कर लिया है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर बंदरगाहों से लेकर बिजली क्षेत्र तक कई तरह की गलत गतिविधियों और शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था। हालांकि, अदाणी समूह ने इन सभी आरोपों को बार-बार गलत बताया है।

अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में शुक्रवार को मुंबई में 1.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और अब ये फरवरी 2023 में अपने सबसे निचले स्तर से लगभग तीन गुना ज्यादा हो गए हैं। शेयरों में यह तेजी इस उम्मीद में आई है कि अदाणी एंटरप्राइजेज को जून में प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स में शामिल किया जा सकता है, जिससे कंपनी में और भी निवेश आ सकता है।

अदाणी समूह की दूसरी कंपनियां सीमेंट और तांबा कारोबार बढ़ाने की योजना बना रही हैं और इसके लिए वैश्विक निवेशकों से कर्ज जुटाने पर विचार कर रही हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज के अलावा, अदाणी समूह की कम से कम 5 कंपनियां हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले के शेयर मूल्य से भी ज्यादा पर कारोबार कर रहीं हैं।

मुंबई के पाइपर सेरिका एडवाइजर्स प्रा. लि. के फंड मैनेजर अभय अग्रवाल का कहना है कि, भारत में कुछ ही ऐसे समूह हैं जो बड़े प्रोजेक्ट कर सकते हैं और अदाणी समूह ने इसमें लीडरशिप की स्थिति ले ली है। निवेशक अदाणी समूह को सरकारी नीतियों के हिसाब से देख रहे हैं और चूंकि देश की नीतियों पर स्पष्ट दिशा है, इसलिए हम सुधार देख रहे हैं।

अदाणी समूह की कंपनियों में इस साल सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और अदाणी पावर लिमिटेड शामिल हैं, जिनके शेयरों में 35 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर, टेलीविजन ब्रॉडकास्टर न्यूज़ दिल्ली टेलीविजऩ लिमिटेड के शेयरों में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई है।

हालांकि इस महीने अदाणी समूह के शेयरों में तेजी आई है, लेकिन भारत में चल रहे राष्ट्रीय चुनावों के दौरान समूह से जुड़े आरोपों को भी उजागर किया गया। इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह आरोप लगाया था कि भारत के मुख्य विपक्षी दल को मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी जैसे अरबपतियों से अवैध धन मिला है।

गौरतलब है कि जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी एंटरप्राइजेज को अपना 2.4 बिलियन डॉलर का शेयर दान रद्द करना पड़ा था। उस वक्त शेयर बाजार में गिरावट आई थी और अदाणी समूह के बाजार मूल्य में 150 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा की कमी आई थी। इस रिपोर्ट ने गौतम अदाणी की संपत्ति को भी काफी कम कर दिया था और भारत में नियामकों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी थी।

एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंचा

नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स (एमएयू) का आंकड़ा 60 करोड़ पहुंच गया है।

मस्क की ओर से एक्स (पूर्व ट्विटर) का अधिग्रहण 2022 में 44 अरब डॉलर में किया गया था। इसके बाद वे इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ एक सुपर ऐप बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस पर आप फिल्में एवं टीवी शो के साथ डिजिटल भुगतान भी कर सकते हैं।

अरबपति टेक कारोबारी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, एक्स पर मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 60 करोड़ को पार कर गई है। इसमें से आधे के करीब लोग प्रतिदिन एक्स का उपयोग कर रहे हैं।

मस्क की पोस्ट का जवाब देते हुए यूजर्स ने कहा कि एक्स शायद मौजूदा समय में दुनिया का सबसे अच्छा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है।

बता दें, मस्क लगातार एक्स में बदलाव कर रहे हैं और ऐप में कई नए फीचर जोड़े गए हैं।

अधिग्रहण के बाद एक्स पर ब्लू टिक लेने के लिए सब्सक्रिप्शन अनिवार्य कर दिया गया है और इसके साथ ही संस्थाओं के वेरिफिकेशन के लिए गोल्डन टिक शुरू किया गया है। इसके अलावा एक्स पर वॉइस और वीडियो कॉलिंग फीचर भी जोड़ दिया गया है। इसके माध्यम से यूजर्स आसानी से वॉइस और वीडियो कॉलिंग की सुविधा का आनंद उठा सकते हैं। हाल ही में मस्क ने कहा था कि एक्स पर लाइव कंटेंट में सुपर चैट फीचर आने वाले हैं। अब सब्सक्रिप्शन लेने वाले यूजर्स मूवी, टीवी सीरीज और पॉडकास्ट आदि पोस्ट कर आय अर्जित कर सकते हैं।

एक्स की ओर से विज्ञापनदाताओं के लिए भी एक नया एआई टूल लाया जा रहा है, जो कि कुछ ही सेकंड में विज्ञापन के लिए उपयोगी यूजर्स की लिस्ट तैयार कर देगा।

मस्क ने एक पोस्ट में कहा था कि वर्तमान एआई के माध्यम से यूजर्स आसानी से क्या आप एक बॉट हैं पास कर सकते हैं।

बेंगलुरु की हार पर रायडू ने कहा, पर्सनल माइलस्टोन नहीं, टीम पर करें फोकस

नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को हराने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सेलिब्रेशन और एग्रेशन देखकर अंबाती रायडू कमेंटरी के दौरान रो पड़े थे, लेकिन अब क्वालीफायर 2 में बेंगलुरु की हार के बाद रायडू ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है।

अंबाती रायडू ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य खिलाडिय़ों पर टीम के आगे पर्सनल माइलस्टोन पर फोकस रखने का आरोप लगाया।

सोशल मीडिया एक्स पर रायडू ने लिखा, मैं वास्तव में उन सभी बेंगलुरु समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने वर्षों से उत्साहपूर्वक टीम का समर्थन किया है। यदि टीम मैनेजमेंट और लीडर्स अपने पर्सनल माइलस्टोन से पहले टीम के बारे में सोचते... तो आरसीबी ने कई खिताब जीते होते। मुझे सच में बेंगलुरु फैंस के लिए बुरा लगता है।

सोशल मीडिया एक्स पर रायडू की पोस्ट में आगे लिखा है, याद करिए कितने शानदार खिलाडिय़ों को फ्रेंचाइजी ने जाने दिया।

15,000 रुपए तक का मिलेगा इंक्रीमेंट, परफॉरमेंस बोनस का भी ऐलान

❑ एयर इंडिया ने कर्मचारियों को दिया बड़ा तोहफा!

नईदिल्ली

टाटा समूह की प्रमुख विमानन कंपनी एयर इंडिया के कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी होने वाली है। इसके अलावा, कंपनी एम्प्लॉइज को उनके परफॉर्मेंस के आधार पर बोनस भी देगी। इस बात की घोषणा एयर इंडिया ने गुरुवार को।

रिपोर्ट के मुताबिक, एयर इंडिया सीनियर कमांडर, फर्स्ट ऑफिसर्स की सैलरी में हर महीने 5 हजार रुपये से लेकर 15000 रुपये तक का इजाफा करेगा। बता दें कि जनवरी 2022 में टाटा समूह द्वारा अधिग्रहण के बाद एयर इंडिया के कर्मचारियों का यह पहला अप्रैजल है।

एयर इंडिया के सीएचआरओ रवींद्र कुमार जीपी ने कहा कि सैलरी में वृद्धि 1 अप्रैल, 2024 से लागू मानी जाएगी। इसके साथ ही एयरलाइन ने कंपनी और पर्सनल परफॉरमेंस के आधार पर वित्त वर्ष 2023-24 के लिए परफॉरमेंस बोनस भी देगी।

उन्होंने बताया कि एयर इंडिया अगले पांच साल में खुद को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया में है, जिसे देखते हुए कर्मचारियों के हितों को देखते हुए प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धी वेतन वृद्धि दे रही है। एयर इंडिया में लगभग 18,000 कर्मचारी हैं।

विमानन कंपनी एयर इंडिया ने ग्राउंड स्टाफ, केबिन क्रू और पायलटों के अलावा जो कर्मचारी 31 दिसंबर, 2023 से पहले कंपनी में शामिल हुए हैं उन सभी के लिए वार्षिक मूल्यांकन शुरू कर दिया है।

टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया के मुख्य कार्य अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने 13 मई को बताया था कि विस्तारा के करीब 7 हजार कर्मचारियों का एकीकरण अगले महीने से शुरू हो जाएगा। साथ ही एयर इंडिया में इसके मर्जर को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का भी लक्ष्य रखा है।

भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 0-2 से हारी

एंटवर्प

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे संघर्षपूर्ण मुकाबले में बेल्जियम से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।

बेल्जियम के लिए एलेक्सिया टीसेरस्तेवेन्स (34') और लुइस ड्वाइट (36') ने एक-एक गोल किया।

भारत ने मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। हालांकि भारत ने बेल्जियम पर दबाव बनाना जारी रखा जबकि बेल्जियम ने जवाबी हमले पर भरोसा किया लेकिन भारतीय डिफेंस ने मजबूती से मुकाबला किया और हर हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि बेल्जियम को मैच की शुरुआत में गेंद पर कब्जे के लिए संघर्ष करना पड़ा था।

मेजबान टीम ने पहले क्वार्टर के अंत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे भारतीय गोलकीपर सविता ने बिना किसी परेशानी के बचा लिया।

इस बीच भारत ने सर्कल में कुछ प्रवेश किए लेकिन नेट नहीं ढूंढ सके और पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

दूसरे कार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमलों और पासिंग से दबाव बनाये रखा। भारत ने दबाव को बखूबी झेला और गेंद पर कब्जे तथा तेज पास से मैच का रुख अपनी तरफ रखने की कोशिश की। भारत ने बेल्जियम के डिफेंस को दो बार झकझोरा, लेकिन गतिरोध जारी रहा और पहला हाफ गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ।

बेल्जियम तीसरे क्वार्टर में आक्रामक अंदाज में उतरा और उसने दो मिनट में एलेक्सिया टीसेरस्तेवेन्स (34') और लुइस ड्वाइट (36') की मदद से दो मैदानी गोल कर 2-0 की बढ़त बना ली।

इस बीच भारत ने वापसी करने की कोशिश की और तीसरे क्वार्टर के अंत में एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उसका फायदा नहीं उठा पाए।

हैदराबाद और राजस्थान के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग

चेन्नई

राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को फाइनल की टिकट के लिए टक्कर होगी। दोनों ही टीमें चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में ट्रॉफी के एक कदम करीब पहुंचने के लिए तैयार हैं।

आईपीएल प्लेऑफ में क्वालीफायर 2 एलिमिनेटर मैच जीतने वाली टीम और क्वालीफायर 1 में हारने वाली टीम के बीच मैच खेला जाता है।

इस मैच को जीतने वाली टीम 26 मई को इसी मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फाइनल खेलने उतरेगी।

राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपना एलिमिनेटर मुकाबला चार विकेट से जीता। जबकि, सनराइजर्स हैदराबाद मंगलवार को उसी स्थान पर केकेआर के खिलाफ 8 विकेट से हार गई थी।

लीग चरण में दोनों टीमों के बीच हुआ मुक़ाबला शानदार रहा था जिसमें हैदराबाद को एक रन से जीत मिली थी। क्वालीफायर 2 में इन दोनों टीमों के बीच जो सबसे बड़ा अंतर है, वह है पावरप्ले का। हैदराबाद ने इस सीजन पावरप्ले में 11.48 की रन-रेट और लगभग 42 की औसत से रन बनाए हैं, जो किसी टीम द्वारा सबसे तेजी से बनाए गए रन हैं।

दूसरी ओर राजस्थान ने पावरप्ले में 8.59 की रन-रेट से रन बनाए हैं, जो इस सीजन पावरप्ले में किसी टीम की तीसरी सबसे धीमी बल्लेबाजी है। गेंदबाजी में मामला एकदम उलटा रहा है। राजस्थान ने इस सीजन पावरप्ले में संयुक्त रूप से सबसे अधिक 24 विकेट चटकाए हैं और साथ ही उसने सबसे कम 8.03 की इकॉनमी से रन भी खर्च किए हैं।

हैदराबाद ने पावरप्ले में चौथे सर्वाधिक 21 विकेट तो चटकाए हैं, लेकिन उन्होंने लगभग 9 रन प्रति ओवर खर्च भी किए हैं। यानी इस मुकाबले में दोनों टीमों के लिए पहले छह ओवर का खेल सबसे अहम रहेगा।

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करना चाहिए। साथ ही आप संवेदनशील भी हो सकते हैं।

वृष: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी कई योजनाएँ समय से पूरी हो जाएँगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे।

मिथुन: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बढ़ेगा।

कर्क: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। आज रोज की अपेक्षा ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है।

सिंह: आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे।

कन्या: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। कुछ मनोरंजन के मौके मिल सकते हैं।

तुला: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको पुरानी बातों के झंझट में पडऩे से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात की संभावना है।

वृश्चिक: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा।

धनु: आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी जाने का प्लान बनायेंगे।

मकर: आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी।

कुंभ: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं।

मीन: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे।

गुड बैड अग्ली फिल्म से अजित का पहला लुक आया सामने, माफिया डॉन की भूमिका में दिखे दिग्गज अभिनेता

दक्षिण भारतीय अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर के साथ एक बड़ी घोषणा की है। अभिनेता की फिल्म अगले साल पोंगल पर रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग शुरू होने के लंबे समय के बाद निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक घोषणा की गई है। इस घोषणा से पहले ही प्रोडक्शन ने अजित के प्रशंसकों को सूचित कर दिया था कि फिल्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आएगी।



'माइथ्री प्रोडक्शंस' ने अपने सोशल मीडिया पर 'गुड बैड अग्ली' फिल्म से अभिनेता अजित का अनोखा लुक जारी किया है। पोस्टर में अजित के तीन लुक दिख रहे हैं। अजित के लुक को देखकर लग रहा है कि वह किसी माफिया का किरदार फिल्म में निभा रहे हैं। उनके सामने टेबल पर बहुत सारी बंदूकें रखी हैं। प्रशंसक अभिनेता के इस लुक को देखकर अंदाजा लगा रहे हैं कि यह एक अपराध कॉमेडी फिल्म हो सकती है।

फिल्म के पोस्टर को देखकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में अजित कुमार ट्रिपल भूमिका में नजर आ सकते हैं। बता दें कि 2006 की ब्लॉकबस्टर 'वरलारु' के बाद यह अजित कुमार की दूसरी ट्रिपल भूमिका वाली फिल्म होगी।

पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी की पहली झलक आउट, नए अंदाज में लौटेंगे सामी-श्रीवल्ली

अल्लू अर्जुन स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी का आज 23 मई को एलान हो गया है. साथ ही इस गाने सूसेकी से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की सुपरहिट जोड़ी एक बार फिर धमाल करने जा रही है. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने सॉन्ग सूसेकी का एक प्रोमो जारी किया है और साथ ही बताया है कि यह गाना कब रिलीज होने जा रहा है. इससे पहले बीती 22 मई को पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने सूसेकी की जानकारी मेकर्स ने दी थी. अब फैंस के बीच पुष्पा 2 द रूल के दूसरे गाने की डेट सामने आ गई है और अब फैंस को इस तारीख का इंतजार रहेगा.

पुष्पा 2 द रूल का दूसरा गाना सूसेकी भी म्यूजिक कंपोजर देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है. पुष्पा के पहले पार्ट में भी डीसपी के अपने म्यूजिक से धमाका किया था फिल्म के गाने दुनियाभर में छाए थे.

क्रिमिनल जस्टिस 4 का टीजर आउट, कोर्ट रूम में माधव मिश्रा बन पेचीदा केस सॉल्व करते नजर आएंगे पंकज त्रिपाठी

पंकज त्रिपाठी की मोस्ट पॉपुलर वेबसीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के 3 सीजन को काफी पसंद किया गया था. सीरीज के तीनों सीजम में पंकज त्रिपाठी ने वकील माधव मिश्रा के किरदार में खूब दिल जीता था. वहीं फैंस इस सीरीज के चौथे सीजन का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. ऐसे में फैंस की एक्साइटमेंट को और ज्यादा बढ़ाते हुए मेकर्स ने 'क्रिमिनल जस्टिस 4' का टीजर जारी कर दिया है साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.

ओटीटी दिग्गज डिज़्नी+हॉटस्टार ने शुक्रवार को क्राइम ड्रामा सीरीज़ क्रिमिनल जस्टिस के चौथे चैप्टर की अनाउंसमेंट की है. नई इंस्टॉलमेंट में अभिनेता पंकज त्रिपाठी एक बार फिर अपना आइकॉनिक माधव मिश्रा के किरदार में नजर आएंगें. प्लेटफॉर्म द्वारा जारी की गई सीरीज की पहली झलक में पंकज त्रिपाठी काला कोट पहने कोर्ट में नजर आते हैं. इसी दौरान पंकज कहते हैं अरे क्या.. शांत कोर्ट जारी है. जाइये.. इसके बाद पंकज कहते हैं जरा रुकिए हम जल्द आ रहे हैं वहां देखिए इत्मीनान से अब जाइये.

इस टीजर को जारी करते हुए डिज़्नी+हॉटस्टार ने कैप्शन में लिखा है, कोर्ट जारी है, और नए सीजऩ की तैयारी भी, आ रहे हैं माधव मिश्रा, हॉटस्टार स्पेशल क्रिमिनल जस्टिस के नए सीजऩ के साथ!

क्रिमिनल जस्टिस का पहला सीजन 2018 में आया था इसे 2008 में इसी नाम की ब्रिटिश टेलीविजन सीरीज से एडेप्ट किया गया था. इसके बाद दूसरा सीजऩ साल 2020 में आया था. इस सीजन का टाइटल क्रिमिनल जस्टिस: बिहाइंड क्लोज़्ड डोर्स था. ये भी काफी हिट सीजन रहा था.

इसके बाद तीसरा सीरीज का तीसा चैप्टर क्रिमिनल जस्टिस: अधूरा सचसाल 2022 में रहा था. हर बार की तरह तीसरे सीजन ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थी. अब फैंस चौथे सीजन की रिलीज बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

शब्द सामर्थ्य- 67

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 066का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू- 67

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.066 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6